हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 जून 2024
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 ग्राम पंचायत पिपरिया व काटोल में शासकीय...



07 नपा स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को...



## खबर संक्षेप

### अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम।** एकादशी के अवसर पर मालाखेड़ी स्थित गौर कॉलोनी मंदिर में संगीतमय अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। दुर्गा महिला मंडल की अध्यक्ष निर्मला राठौर ने बताया कि नर्मदापुरम शहर एवं देश की सुख शांति की कामना करते हुए अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोनाली दुबे, प्रियंका राठौर, लता मिश्रा, संगीता मिश्रा, भारती चौकसे समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर संगीतमय पाठ किया।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगा प्रतिबंध

**नर्मदपुरम।** जिला प्रशासन नर्मदापुरम जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्यखेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है इस अवधि में मछली मारना मछली का परिवहन करना एवं मछली का बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी मछुआरों द्वारा नर्मदा केविभिन्न घाटों में रात्रि के दौरान धड़ल्ले से मत्स्याखेट किया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन को अवैध रूप से मछली मारने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि बारिश के दौरान मछलियों के प्रजनन काल से मछली की वृद्धि होने से नर्मदा के जल को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

## नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से की समस्या समाधान की मांग

# हादसों को न्योता दे रहे हैं विद्युत के झुके स्ट्रीट पोल, लोग भयभीत

नर्मदापुरम जिले में वर्षाकाल में झुके विद्युत पोल लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। नर्मदापुरम सहित सेमरी हरचंद के ग्राम जमनिया के रिहायशी क्षेत्र में अधिकारी, कर्मचारियों की लापरवाही के चलते विद्युत पोल हादसों को न्यौता दे रहे है जिससे लोग भयभीत हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

मप्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नर्मदापुरम जिले के अधिकार क्षेत्रों में झुके हुए विद्युत पोल हादसों को न्यौंता दे रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि बारिश के दौरान विद्युत पोल गिरने की आशंका से भयभीत हैं। नर्मदापुरम के शनिचरा वार्ड न 2 मोरछली चौक से नर्मदा रोड स्थित प्रमोद महाजन के घर के सामने लगा विद्युत पोल झुक गया है। जिससे लोगों को भय बना हुआ है। इसी तरह रिहायशी क्षेत्रों में झुके विद्युत पोल और झूलते तार लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। नागरिकों ने इस संबंध में कई बार बिजली विभाग से अधिकारियों को लिखित शिकायत कर समस्या समाधान की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद भी लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### ग्राम जमुनिया में झुका विद्युत पोल, बना परेशानी

**सेमरी हरचंद।** समीपस्थ ग्राम जमुनिया मैं पानी की टंकी के पास बिजली का खंबा झुक गया है खंबे मे ग्राम जमुनिया के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु पानी की टंकी के ट्यूबवेल के कनेक्शन सहित अनेक ग्राम वासियों के घरेलू बिजली कनेक्शन है लगभग 6 माह से खंबा लगातार झुक रहा है सेमरी हरचंद विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस खंबे का ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसी तरह सेमरी हरचंद में तिवारी कॉलोनी में बिजली के खंबो से सर्विस लाइन के तार जमीन से कुछ ही ऊंचाई पर झूल रहे हैं अंबेडकर वार्ड में विद्युत मंडल के पीछे डीपी के तार खुले में है बारिश का समय नजदीक है यदि विद्युत मंडल द्वारा इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया आने वाले समय में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका है।

इस संबंध में विद्युत मंडल सेमरी हरचंद के कनिष्ठ अभियंता रवि शंकर धुर्वे से बात करने पर उन्होंने कहा की जमुनिया के खंबे की लोकेशन समझ में नहीं आ रही है कल सुबह आप मुझे पुनः अवगत कराईये मैं सुधार कार्य करवाऊंगा।

### जान जोखिम में डालकर कर रहे कर्तव्य का निर्वहन



पिपरिया प्रदेश राज्य विद्युत मंडल कंपनी के कार्यपाली नियंत्रित एवं जूनियर इंजीनियर लाइनमैन एवं आउटसोर्स के कर्मचारी बरसात गर्मी ठंड देर रात में लाइट खराब होने के बाद भी हमेशा 24 घंटे ड्यूटी पर तत्पर रहते हैं। लेकिन उसके बाद भी कटौती होते ही विभाग को गाली देने लगते हैं। कभी भी ऐसा नहीं देखा गया ना ऐसा कोई मामला सामने आया है जिसमें कभी जन प्रतिनिधि या किसी समाज से भी संगठन संस्था के द्वारा कभी किसी बिजली विभाग के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया हो। देखा जाता है कि भारी बरसात में भी रात को कितने ही बज रहे हो लेकिन उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी जनता को तत्काल लाइट चालू कर आराम से नींद भर सोने के लिए प्रयास करते हैं। यह बात भी सही यह बात भी सही है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जूनियर इंजीनियर की भर्ती लोगों से व्यवहार नहीं करते हैं अभद्रता की भाषा का भी उपयोग करते हैं लेकिन यह बात भी सही है कि फील्ड में काम करने वाले लोग कभी सम्मानित नहीं होते हैं। कितनी ही बरसात हो चारों तरफ जाल बिजली लाइन का होने के बाद भी कर्मचारी खंबे पर चढ़कर तत्काल लाइन सुधारने का कार्य करते हैं। हां यह बात भी किसी से छुपी नहीं है कि उपमा प्रबंधक जनता की बात को लेकर कभी गंभीर दिखाई नहीं देते हैं या तो कभी फोन नहीं उठाते।

# जुझारपुर में चोर ने दो घंटे के भीतर उड़ाए जेवर

## सूने घर में हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

ग्राम जुझारपुर स्थित एक मकान से शुक्रवार की रात शाम 6 से रात 8 बजे के मध्य अज्ञात ने लाखों रुपए के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि पुलिस ने जेवरों की खरीद के वक्त की कीमत के अनुसार 90 हजार की चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। खास बात यह है कि चोर ने घर में तकिये के अंदर रखे पर्स में से चाबी निकालकर अलमारी का ताला खोलकर जेवरों पर हाथ साफ किया फिर पुनः अलमारी का ताला बंद कर चाबी पर्स में डाल तकिये में रख दी। जुझारपुर में चोर ने किसान भानू पटेल के घर में चोरी की है। घर मे तीन लोग थे, फरियादी भानू और उसके माता-पिता। पत्नी मायके में थी। भानू पटेल शुक्रवार की शाम के खेत से घर आया। फरियादी नहाने के बाद अपने माता-पिता के साथ नीचे वाले कमरे में बैठा था। इसी बीच शाम साढ़े छह से रात्रि साढ़े 8 बजे के भीतर उसके मकान में लाखों की चोरी हो गई। चोर भी इतना समझदार था, जैसे उसे घर के विषय में पूरी जानकारी हो। क्योंकि चोर ऊपर के कमरे में पहुंचा, और तकिये में रखा पर्स निकाला, अलमारी का ताला चाबी से खोला फिर लॉकर का ताला खोला और जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। चोर ने चोरी करने के बाद अलमारी में ताला लगाकर चाबी पर्स में रखी और पुनः पर्स को तकिये में रख दिया। पथरोटा पुलिस ने फरियादी भानू की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बातें**
- तकिये के अंदर पर्स में से निकाली चाबी और की चोरी
- पुनः चाबी पर्स में रखी और अलमारी बंद की
- संदेह है कि चोर को होगी चाबी और पर्स की जानकारी

### स्कूल चले अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज से

**नर्मदापुरम।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत दिनांक 18 19 एवं 20 जून को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। सभी विभागों के समस्त जिला एवं विकासखंड अधिकारियों से भी अपेक्षा की गईं है कि वह निर्धारित विद्यालय में उपस्थित होकर एक कालखंड प्रेरणा उद्बोधन या पढाने हेतु विद्यार्थीयो के समक्ष उपस्थित हों। शा विद्यालय चंदौन बनखेड़ी में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांसद राज्यसभा माया नारोलीया शा प्राथमिक शाला आईटीआई नर्मदापुरम, विधायक होशंगाबाद सीतासरन शर्मा शाकउमावि इटारसी, विधायक सोहागपुर विजयपाल सीएमराइज सोहागपुर विधायक सिवनी मालवा प्रेमशंकर वर्मा, शाउमा वि बघवाड़ा विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, शाक उमावि पिपरिया में बच्चों को प्रेरित करेंगे।

# चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

## पार्षद और उनके बेटे हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

शहर के ग्वालटोली में चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुआ। वार्ड नम्बर 33 की भाजपा महिला पार्षद के घर आकर पूर्व पार्षद के परिवार के सदस्यों ने मारपीट की। विवाद में महिला पार्षद के बेटे के सिर पर चोट आई है। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस ने एफआईआर कर जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक ग्वालटोली क्षेत्र के संजय नगर की पार्षद वंदना चुटेले के परिवार एवं पूर्व पार्षद लोकेश गोगले के परिवार के बीच पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को भी पार्षद चुटीले के घर आकर आरोपियों ने विवाद किया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। भाजपा पार्षद वन्दना चुटीले और उनके बेटे अमन चुटीले के साथ मारपीट हुई है। पार्षद वन्दना चुटीले अपने घायल बेटे को घायल हालत में ही थाने लेकर पहुंची। पार्षद ने पूर्व पार्षद लोकेश गोगले, मनोज गोगले, उनकी पत्नियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। मारपीट करने वाले दूसरे पक्ष के नपाकर्मी मनोज गोगले भी घायल हुए हैं। कोतवाली टीआई सौरभ पाण्डेय का कहना है की दोनों पक्षों में हुई मारपीट में कुछ लोग घायल हुए। उनकी एमएलसी कराई है। मामले की जांच की जा रही है। घायलो का इलाज जारी है।

# भाजपाइयों ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बनी एनडीए सरकार में सूचना,संचार एवं पूर्वोत्तर विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिली है। सिंधिया के मंत्री बनने के पश्चात प्रथम राजधानी आगमन पर रविवार को नर्मदापुरम से बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने राजधानी पहुंचकर सिंधिया का स्वागत कर बधाई दी। नर्मदापुरम से सिंधिया का खास लगाव रहा है और यहां स्व.माधवराव सिंधिया की याद में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन माधव ज्योति अलंकरण समारोह भी दो दशक से आयोजित होता रहा है। माधव ज्योति अलंकरण समिति अध्यक्ष प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ राजेश शर्मा,मुकेश अग्निहोत्री,महेंद्र तोमर,धर्मेंद्र सिंह राठौड़, संजीव मिश्रा, विनोद ललवानी,जयनीश कंसलीवाल आदि ने एयरपोर्ट पर सिंधिया की अगवानी की और नर्मदापुरम की और से बधाई देते हुए नर्मदापुरम आगमन का निमंत्रण दिया। सिंधिया ने कहा कि नर्मदापुरम से उनका गहरा लगाव है और वे जल्द ही नर्मदापुरम आयेंगे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुति से दिया जल बचाने के लिए संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सरोवर जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह पर जल संवर्धन विषय पर स्टूडेंटस ने अपनी स्पीच दी, डांस, रंगोली, पेंटिंग, गीत, संगीत के माध्यम से पानी बचाने का संदेश दिया। स्वच्छता और पानी, हमको बचानी जिंदगानी। इस गीत पर गर्वमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्रा काशिफा खान ने डांस की प्रस्तुति देकर पानी, धरती मां और नदी की अवस्था से सबको अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधे प्रसारण के माध्यम से इटारसी वासियों को जल संवर्धन की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष पंकज चौरे, तहसीलदार सुनीता साहनी, अधिवक्ता अशोक शर्मा, सीएमओ ऋतु मेहरा, विश्वनाथ सिंघल, जय किशोर चौधरी, डॉ. नीरज जैन, दीप्ति शुक्ला, पार्षद जिमी कैथवास, कुंदन गौर, अमित विश्वास, शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुरानी इटारसी मंडल बबीता चौहान, मो जाफर सिद्धिकी सहित अन्य मौजूद थे। इन्होंने दी प्रस्तुति- स्पीच जल संरक्षण विषय पर खुशी मो जाफर सिद्धीकी, प्रांजल शर्मा, हर्ष नितिन यादव, जीनियस प्लानेट स्कूल काशिफा खान, गर्ल्स कॉलेज ने स्पीच दी।

# आतंकी हमलों के विरोध में अभाविप ने फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

अखिल भारतीय विद्यार्थी इटारसी ने बीती रात को रेलवे स्टेशन के सामने जम्मू कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला जलाया। नगर मंत्री कुणाल सराठे ने कहा जम्मू के अंदर आम नागरिक एवं सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा जानलेवा हमले की घटनाएं लगातार घट रही हैं। लोकतंत्र के उत्सव में जम्मू कश्मीर के नागरिकों द्वारा अच्छी सहभागिता के कारण पाकिस्तान पोषित जिहादी ताकतें बौखला गई हैं। इसी कारणवश यह घटनाएं हो रही हैं। पाकिस्तान पोषित आतंकी कृत्यों के विरोध में शीघ्र कार्यवाही कर क्षेत्र में शांति बनाने हेतु ठोस कदम उठाए जाने की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद देश भर में पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रही है।

इस दौरान भाग संयोजक कुलेदीप डागर, नगर सहमंत्री काजल बस्तवार, सविता केवट, नीरज प्रजापति, साक्षी कोरी, आतिश परमार, आर्यन तिवारी, देवा भाट, अनमोल सदेले, पीयूष शुक्ला, आदर्श, दीपा, शिवानी, दीप्ति, सविता, यश, ईशान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नर्मदापुरम जिले में मनाया गया ईद उल अजहा बकरीद का पर्व

# देश में अमन चैन की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

ईद उल फितर के करीब 38 दिनों के बाद यह त्योहार मनाया जा रहा है। मीठी ईद के बाद यह इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है। शहरकाजी हाफिज मोहम्मद अशफाक अली कहा कि यह फर्ज-ए-कुर्बानी का दिन है। नमाज अदा करने के बाद बकरें की कुर्बानी दी जाती है। इस त्योहार को हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में नर्मदापुरम जिले में ईद उल अजहा का (बकरीद) का पर्व मनाया गया। नर्मदापुरम शहर में मुख्य नमाज ईदगाह पर बकरीद की नमाज पढ़ी गई। इसके अलावा शहर की 6 मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। देश की अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इसके बाद एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी। शहर काजी हाफिज मोहम्मद अशफाक अली ने नमाज कराई। बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित रहा।इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के संगठनों और जनप्रितिनिधियों द्वारा सभी को ईद उल अजहा की शुभकामनाएं देते हुए देश और प्रदेश की उन्नति के लिए दुआएं की।

### पिपरिया में ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह में की गई



**पिपरिया** के मंगलवार चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक ठाकुरदास नागवंशी विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता अरविंद राय पवन वालिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तमाम जनप्रतिनिधि पदाधिकारी के द्वारा सहित नगर के तमाम गण नागरिक जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी लोगों ने फैजान उल हक एवं ईदगाह कमेटी के सभी लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी वहीं पर पिपरिया के सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले लगाकर ईद की बधाई दी गई इस तरह से नगर में का त्यौहार मुस्लिम समुदाय के साथ मिलजुल कर मनाया गया। जगह-जगह पुलिस प्रशासन मुस्तादी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लग रह अंदाज लगाया जा रहा था कि यदि बारिश हुई तो मस्जिदों में ही नमाज अदा होगी अंजुमन जमा मस्जिद इस्लामिया कमेटी ने यह फतवा भी जारी किया था।

### ईदगाह और मस्जिदों में हुई नमाज, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ



**इटारसी।** कुर्बानी का पर्व बकरीद सोमवार को मनाया गया। ईद-उल-अजहा के त्योहार पर नगर के ईदगाह और मस्जिदों में नजाम हुई जिसमें देश में अमन-चैन और भाईचारे की भावना के साथ दुआ की गई। सोमवार सुबह नाला मोहल्ला ईदगाह समेत इटारसी एवं इटारसी के आसपास की सभी मस्जिदों में बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। नाला मोहल्ला ईदगाह में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। इस मौके पर इटारसी पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। टीआई गौरव सिंह बुंदेला, तहसीलदार सुनीता साहनी ने लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखी और ईदगाह पहुंचकर मुस्लिमों को ईद की मुबारकवाद पेश की।

# साहित्य परिषद की दो दिवसीय प्रांतीय संगोष्ठी का आयोजन 22 व 23 को

## विभिन्न साहित्यकारों पर रचित आलेखों का होगा वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



मध्यभारत प्रान्त के साहित्य को प्रदेय विषय पर दो दिवसीय प्रांतीय संगोष्ठी नर्मदापुरम् के गोविंद नगर में आयोजित होगी। 22 व 23 जून की इस संगोष्ठी में समूचे देश से विख्यात साहित्यकारों की उपस्थिति में दो पुस्तकों का विमोचन भी किया जायेगा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा ने बताया कि मध्यभारत प्रान्त के साहित्यकारों का साहित्य को उल्लेखनीय व अविस्मरणीय योगदान रहा है। इन साहित्यकारों के स्मरण व मध्य भारत प्रान्त के सांस्कृतिक वैभव के प्रकटीकरण के लिए भाऊ साहब भुस्कुटे न्यास गोविंद नगर बनखेड़ी में संगोष्ठी की जाएगी। 22 जून की सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र में मप्र के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर उपस्थित रहेंगे। जबकि समापन सत्र में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री ऋषि कुमार मिश्रा, संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री पवनपुत्र बादल व राष्ट्रीय मंत्री नीलम राठी उपस्थित रहेंगे।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी अमित बिल्लौरे के अनुसार दो दिवस के आठ सत्रों में इंदुशेखर तत्पुरुष जयपुर, मनोज श्रीवास्तव भोपाल, अशोक जमनानी नर्मदापुरम्, विजय मनोहर तिवारी इंदौर, गोपेश वाजपेयी, साधना बलवटे व अन्य साहित्यकार उद्बोधन देंगे। आयोजन समिति संयोजक वरिष्ठ रंगकर्मी ब्रजकिशोर पटेल हैं। सहयोगियों में दिनेश याग्निक, बाबू गीतेश्वर, सुनील पांसे, नवल वर्मा, ममता वाजपेयी, सुनीता यादव, नुसरत मेहंदी, कीर्ति वर्मा, अन्य साहित्यकारों पर रचित आलेखों का वाचन होगा।

### अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन का शिकंजा कसा, बड़ी कार्रवाई

# ग्राम पंचायत पिपरिया व काटोल में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

## गोशाला और चारागाह के लिए सुरक्षित की गई भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





ग्राम पंचायत पिपरिया और काटोल की शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए बैतूल अपर कलेक्टर, तहसीलदार, राजस्व विभाग और थाना प्रभारी भैंसदेही की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत काटोल और पिपरिया में की गई, शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर गौशाला और चारागाह के लिए सुरक्षित की गई। ग्राम पंचायत पिपरिया और काटोल की शासकीय भूमि को शासकीय पूर्णा गौशाला और अन्य पशुओं के चारागाह के लिए छोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पंचायत द्वारा पौधरोपण करने का भी फैसला किया गया है। इस कार्रवाई के लिए गोशाला समिति ने बैतूल अपर कलेक्टर, तहसील भैंसदेही और थाना प्रभारी भैंसदेही का धन्यवाद व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि गोशाला समिति ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लड़ी लंबी लड़ाई में पुलिस, एसडीएम भैंसदेही और वन विभाग को भी अपनी शिकायतें प्रेषित की थीं। पिछले 45

### भूमि अब पशुओं के चारागाह के लिए होगी

यह भूमि अब पशुओं के चारागाह के रूप में उपयोगी होगी, यहां पौधरोपण कर इसे और भी हरित बनाया जाएगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। गोशाला समिति का कहना है कि इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप स्थानीय प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय भूमि पर की जा रही थी खेती

*दरअसल, किसानों द्वारा यहां शासकीय भूमि पर कब्जा कर खेती की जा रही थी। शिकायत के बाद 15 जून को गोशाला समिति और पिपरिया सरपंच ने मौके पर पहुंचकर डायल 100 को सूचना दी थी। डायल 100 की टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि अनावेदक बलदेव ट्रैक्टर चलाकर अतिक्रमण कर रहा था। पुलिस ने बलदेव का ट्रैक्टर जब्त कर लिया था, लेकिन पिपरिया पंचायत के सरपंच के कहने पर उसे छोड़ दिया गया। इसके बाद गोशाला समिति ने उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की, जिसके बाद सख्ती से कार्रवाई की गई। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के बाद अब चरनोई की भूमि, जो पिपरिया पंचायत के अंतर्गत आती है, गौशाला और अन्य पशुओं के चारागाह के लिए सुरक्षित कर दिया गया है।*

# पिता रोटी, कपड़ा, मकान है, पिता छोटे से परिंदे का है बड़ा आसमान

### फादर्स डे पर मां शारदा समिति ने किया पिताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



फादर्स डे पर मां शारदा सहायता समिति द्वारा अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें घर-घर जाकर पैर पखारकर पिताओं का भव्य सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में 81 वर्ष के एल. सोनी, पूर्व लेखाधिकारी जिला शिक्षा बैतूल, का आरती उतारकर, साल, श्रीफल भेंट कर, और गंगा जल से पैर पखारकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार बैतूल बाजार निवासी शिवकुमार शुक्ला, पूर्व कॉमर्स संकाय प्रमुख जयवंती हकसर महाविद्यालय बैतूल, को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु पैर पखारकर, आरती उतारकर, साल, श्रीफल से स्वागत किया गया। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष सेवा हेतु दशरथ पांसे जी का आरती उतारकर, पैर पखारकर, साल और श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संजय शुक्ला, प्रीतम सिंग मरकाम, पंजाबराव गायकवाड, शैलेंद्र बिहारिया, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सोनी, ओजवल पांसे, तूलिका पचौली, प्रमिला धोत्रे, राजेश शुक्ला, विवेक शुक्ला, और निमिषा शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### आकाश से ऊंचा है पिता

कार्यक्रम में शैलेंद्र बिहारिया ने कहा, पिता पालन है, पोषण है, परिवार का अनुशासन है। पिता धौंस से चलने वाला प्रेम का प्रशासन है। पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है। पिता छोटे से परिंदे का बड़ा आसमान है। पंजाबराव गायकवाड ने कहा, माता-पिता के चरणों में ही संसार होता है। प्रीतम सिंग मरकाम ने कहा, महाभारत में यक्ष प्रश्न के जवाब में युधिष्ठिर ने कहा था कि वायु से भी तेज मन है, तिनकों से ज्यादा चिंता है और धरती से भारी मां है और आकाश से ऊंचा पिता इस जवाब को सुनकर यक्ष ने चारों भाइयों को प्राणदान दिया था। पिता का महत्व दुनिया में आकाश से ऊंचा है। संजय शुक्ला ने कहा, घर में जीवित रूप में माता-पिता भगवान हैं, उनका सम्मान अवश्य करें।

# एक पेड़ दस पुत्र के बराबर इसकी सेवा करना सबका दायित्व : तिरुपति एरुलू

### जन्मदिवस को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



एक पेड़ लगाकर उसकी सेवा करना अति महत्वपूर्ण है एक पेड़ 10 पुत्र के समान होता है और कई पीढ़ी तक वह समाज को छाया देने का काम करता है, यह उदगार कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं रजक समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिरुपति एरुलू ने उनके जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करते समय व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गर्मी तेज और जलस्तर लगातार काम हो रहे हैं ऐसे में पेड़ ही एकमात्र विकल्प है जो पानी के बढ़ाने और वर्षा होने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में बारिश के पानी को कैसे एकत्रित किया जाना चाहिए इस पर भी विचार विमर्श के साथ योजनाबद्ध तरीके से जिला प्रशासन और समाज के लोगों को कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत भारती के संचालक मोहन नागर के माध्यम से सोना घाटी के पहाड़ों पर खन्ती खोद कर पानी रोकने का कार्य किया और पौधरोपण करने का कार्य किया था उसके फलस्वरूप वर्तमान में अब सोना घाटी के आसपास खाली भूमि अब जंगल में तब्दील हो गई है।

उन्होंने बताया कि हमारी संस्था के माध्यम से औषधि और फलदार पौधों का वितरण करने का कार्य करती है ताकि शहर का माहौल बेहतर और जंगल नुमा बन सके जिसका लाभ आने वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग उठा सके। बुजुर्गों को वस्त्र और भोजन वितरण करने का कार्य तिरुपति एरुलू, सन्नी एरुलू के माध्यम से किया गया। उसके बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रजाति के 21 पौधों का रोपण करने का कार्य किया गया इस अवसर पर नारायण खातरकर, विक्की सिंह,गौतम नागले,भूषण कांति, गोविंद एरुलू,किरण झारबडे समेत बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर युवा उपस्थित थे।

### हरियाली संवर्धन के लिए आम की एक हजार गुठलियों का रोपण





**बैतूल।** पर्यावरण संकट को देखते हुए विभिन्न संगठन पर्यावरण संवर्धन हेतु प्रयास कर रहे हैं। विशेषकर वर्षा ऋतु में पौधा रोपण का क्रम जारी है। इसी क्रम में ग्राम भरकावाड़ी में पर्यावरण टोली द्वारा 1000 आम की गुठलियों का रोपण किया गया। पर्यावरण संयोजक अमोल पानकर ने बताया कि वर्षा ऋतु के पूर्व बीजों का संग्रहण कर रोपण करने से लाखों बीज नष्ट होने की बजाय व्यवस्थित रूप से अंकुरित होकर वृक्ष बन सकते हैं। यदि 20 प्रतिशत गुठलियाँ भी सफल होती हैं, तो 200 आम के वृक्ष तैयार होंगे। इस अवसर पर जिला टोली से आशीष कोकने, प्रमोद जागरे, विक्रम इथापे, पंकज लोणारे, सारंग पात्रीकर, सुनील ठाणेकर, सुनील लोनारे, प्रदीप लॉनारे, फुलसिग धुर्वे, भवेश राठौर, प्रमोद दोड़के, विट्ठल राव चरपे, विजय रावंधे, गोलू सोनपुरे, संजू दोड़के, रवि दोड़के, अजय महाजन, दिनेश भादेकर आदि मौजूद थे।

### छठ पूजा घाट पर जबलपुर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# जल गंगा संवर्धन अभियान का गंगा आरती से समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 5 से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन निकाय क्षेत्र में किया गया। इस अभियान का रंगारंग समापन रविवार को शाम 7 बजे से छठ पूजा घाट पर किया गया। शाम को जबलपुर के कलाकारों द्वारा मां गंगा की आरती की। इसके बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर गणेश आरती, गंगा आरती एवं बाबा मठारदेव की भी आरती की गई। आरती के बाद मंचीय कार्यक्रम हुए। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष किशोर बरदे नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम,भाजपा नेता कमलेश सिंह, सुधा चंद्रा, रविंद्र पांसे की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा अनुसार निकाय क्षेत्र मे उक्त अभियान का आयोजन किया गया। इस तरह के अभियान सतत जारी रहेंगे। उन्होंने आम लोगों से भी अभियान में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। इसके बाद सभी ने उज्जैन से प्रसारित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा। सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। भाजपा नेता संजय अग्रवाल, शिबू सिंह, मुकेश यादव, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, स्वच्छता निरीक्षक केके भावसार, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, नितिन मीणा के अलावा स्कूली बच्चे, उनके अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता के इन बच्चों को किया पुरस्कृत

*चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया। सांत्वना पुरस्कार भी दिए। निबंध में प्राथमिक वर्ग में निहारिका सिरोदिया प्रथम,रश्मि यादव द्वितीय,माध्यमिक वर्ग में महक मालवीय प्रथम, आयुषी भारद्वाज द्वितीय,डॉली बोडखे तृतीय स्थान पर रहे। हायर सेकंडरी वर्ग में देवांश पवार प्रथम, यशिका साल्वे द्वितीय, प्राची लहोरिया तृतीय रहे। महाविधालय वर्ग में मुस्कान ठाकुर प्रथम, निशा साहू द्वितीय रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में तनिष्का बारखे प्रथम,अर्शन खान द्वितीय, स्वास्तिक वर्मा तृतीय रहे। माध्यमिक वर्ग में रुद्रांशी सागर प्रथम,अनुष्का बारखे द्वितीय, आराध्या वर्मा तृतीय रहे।हायर सेकंडरी वर्ग में प्रेम सोनी प्रथम, पायल काकोडिया द्वितीय एवं तुषार पहाड़े तृतीय रहे। महा विद्यालय वर्ग में अंकिता कश्यप प्रथम,सपना यादव द्वितीय रही।*

### कार्यकर्ता शिविर संपन्न

# नागले अध्यक्ष, पाटिल महासचिव बने



**बैतूल।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बैतूल का एक दिवसीय कार्यकर्ता शिविर एवं जिला शाखा का पुनर्गठन कार्यक्रम रविवार डॉ. आंबेडकर भवन, कारगिल चौक सदर में संपन्न हुआ। मीराताई ताई अम्बेडकर बैतूल संगठन के अध्यक्ष शंकरराव शेषकर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रमुख, मुंबई बीएच गायकवाड गुरुजी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठक, मुंबई प्रमुख, गौतम पाटिल, और प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेंगरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।


कार्यक्रम प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा, राजेश पाटील, प्रदेश सचिव राजकुमार कामड़े और प्रदेश संगठक एवं जिला महासचिव नानक सातनकर की विशेष मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले से बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाएं से उपस्थित थे।

#### कार्यकारिणी का हुआ गठन

इस कार्यक्रम में दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बैतूल का पुर्नागठन किया गया जिसमें अध्यक्ष नामदेव नागले, महासचिव सहदेव पाटिल, उपाध्यक्ष तोबू हुरमाड़े, नालंदा शेषकर, काशीनाथ वाघमारे, प्रकाश उबनारे, कार्यलयीन सचिव अशोक खातरकर, सचिव मधुकर पाटिल, सुरजलाल मंडलेकर, वर्षा नागले, प्रमिला पाटिल, प्रेमलाल अम्बुलकर, दुर्गाप्रसाद चौकीकर, ओमप्रकाश खातरकर, बीएल कापसे, लेखा परिक्षक एमएल पाटिल, तहसील संघटक बीडी पाटील, धन्नु झरबड़े, धनेन्द्र वासनिक, सी नागले को मनोनीत किया गया। इनके मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी है।

# आप तो चले गए हो लेकिन सदा याद रखी जाएगी आपकी नेकियां

### जनआस्था के वरिष्ठ सहयोगी जीएस तिवारी को श्रद्धांजलि



**बैतूल।** बात करीब डेढ़ दशक पुरानी जरूर है लेकिन आज भी मेरी स्मृति में तरोताजा है। वरिष्ठ नागरिक होने के बाद भी जवानों जैसी ऊर्जा से हमेशा लबरेज रहने वाले जगदीश शरण (जीएस) तिवारी दान-पुण्य करने वाले महान इंसान थे।

वह जब भी कोई नेक कार्य करते थे तो उनकी यह खासियत होती थी कि इस हाथ से करने के बाद दूसरे हाथ को भी पता नहीं चलता था। मेरी उनसे मुलाकात भी कम दिलचस्प नहीं थी। मैं एक लावारिस शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान जिला चिकित्सालय में नेत्र शिविर चल रहा था। इसी दौरान उन्हें किसी ने मेरे बारे में बताया तो उन्होंने मुझे अपने पास बुलाया और रौबदार आवाज में कहा। क्या नाम है तुम्हारा? मैंने कहा संजय शुक्ला। उन्होंने फिर प्रश्न किया। यह काम तुम कब से कर रहे हो और क्यों कर रहे हो? मैंने कहा यह काम मैं 2006 से कर रहा हूं और इसलिए कर रहा हूं क्योंकि हर इंसान की इतनी तो आस्था होती है कि उसकी जहां कहीं भी सांसों की डोर टूटे तो कम से कम दो गज जमीन और ढ़ाई मीटर कपड़ा उसे नसीब होना चाहिए।

लोगों की इस आस्था को पूरा करने काम जनआस्था के द्वारा मैं कर रहा हूं। मेरी बातों को सुनकर परम श्रद्धेय श्री तिवारी जी ने यही कहा कि बेटा उम्र छोटी है लेकिन आप काम बहुत बड़ा कर रहे हो। मैंने उनके पैर छूए और उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और मैं चला गया। समय बीता कुछ दिनों बाद मेरे पास जगदीश शरण तिवारी जी का फोन आया और उन्होंने मुझे अपने कोसमी स्थित घर पर बुलाया। मेरे वहां पहुंचने पर उन्होंने कुछ राशि दी और यह कहा कि इस बात का जिक्र कभी किसी से न करना।

### युवा भाजपा नेता के यहां हुआ आगमन

# केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का किया राजीव खंडेलवाल के निवास पर स्वागत



**बैतूल।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष एवं कर सलाहकार राजीव खंडेलवाल एवं युवा भाजपा नेता एवं कर सलाहकार योगी राजीव खंडेलवाल द्वारा निज निवास पर पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उन्हें भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के राज्य मंत्री बनने पर पूरे परिवार एवं वरिष्ठ जनों सहयोगियों, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी गई। उइके के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर राजीव खंडेलवाल द्वारा लिखे गये लेख इतिहास दोहराया गया एवं नया इतिहास रचा गया शीर्षक से विभिन्न अखबारों में छपे लेख की प्रति उन्हें दी गई।

इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी (मीसाबंदी) गुलाबराव पंडागरे, बिरदीचंद पगारिया पूर्व अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, हरवंशलाल आहूजा ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ, अतीत पवार अध्यक्ष बैतूल नागरिक सहकारी बैंक, भाजपा बैतूल नगर गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, पूर्व पार्षद शिवकिशोर पाल, पूर्व बजरंग दल अध्यक्ष श्याम टेकपुरे, सरपंच खेड़ली-भैंसदेही रामकिशन टिकमे, पत्रकार बलवंत घोटे, आरोग्य भारती के डॉ. शैलेन्द्र सोनी, नीलम दुबे, दिलखुश ग्रुप के उत्तम दीक्षित, अशोक पांडे, डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव, श्रवण कोशे, पूर्व पार्षद प्रशांत माडवीकर, पूर्व पार्षद बाबू प्रमोद भार्गव, भारत विकास परिषद के आशीष पचौरी, प्रकाश वंजारे, रिषीराम सरले, राहुल लुहाडिया, हेमंत रांका आदि उपस्थित थे।

### आस्था और उत्साह के साथ मनाया पांच दिवसीय कार्यक्रम

# महेश नवमी के अवसर पर महेश्वरी समाज के बंधुओं द्वारा उत्साह और उमंग के साथ निकली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



इस साल भी माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अपने उत्पति दिवस महेश जयंती का पर्व पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर महेश जयंती के दिन सुबह के समय माहेश्वरी भवन से भव्य चल समारोह प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर के प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचा जहां पर अपने आराध्य देव का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक पूजन आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं शाम को माहेश्वरी भवन में सम्मान और समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के मेद्यावी विद्यार्थियों का सम्मान तथा समाज की प्रतिभाओं एवं पर्व पर आयोजित माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र महिला मंडल की प्रदेशाध्यक्ष रंजना बाहेती, विशेष अतिथि के रूप में अभा माहेश्वरी महिला मंडल की कार्यकारिणी सदस्य शोभा लाहोटी, मध्यांचल स्वयं सिद्ध समिति की सहप्रभारी मनीषा लढ़ा, प्रतिभा झंवर, अशोक सोडानी, समाज के अध्यक्ष योगेश राठी, महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट, जिलाध्यक्ष पंकज झंवर, महिला मंडल जिलाध्यक्ष रजनी बाहेती उपस्थित थी। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत श्री महेश माहेश्वरी ज्योति झंवर, सत्यनारायण माहेश्वरी, सत्यभामा मंत्री, हर्षा माहेश्वरी, अंकित कासट, भारत मंत्री, अभिषेक कासट, संगीता राठी, राकेश मोहता, मधू धूत, सरोज झंवर, लोकेश राठी, राकेश बांगड, अनिता बांगड, कांता गट्टानी ने किया। कार्यक्रम में महेश वंदना की नृत्य प्रस्तुती साक्षी मंत्री, शुभांगी मंत्री, रूचि साबू, दामिनि कासट, उदिति बांगड, सोनाली साबू, कालिन्दी बियाणी, सोम्या कासट, सुरभी राठी ने आकर्षक प्रस्तुती दी। अतिथियों के सम्मान में स्वागत रानी तोषनीवाल, नेहा झंवर, कविता झंवर ने गाया। मुख्य अतिथि बाहेती ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि आज माहेश्वरी समाज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धि का लौहा मनवाता आ रहा है।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

**सीहोर।** नगरपालिका द्वारा वार्ड 28 नगर पालिका कार्यालय से स्टोर रूप तक के मार्ग में 6 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण का रविवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष राठौर ने ठेकेदार को डामरीकरण कार्य में गुणवत्तापूर्ण व टेंडर की शर्तों के अधीन कार्य करने की बात कही। पार्षद प्रतिनिधि आशीष गहलोत, पार्षद नरेन्द्र राजपूत, ईश्वर सिंह ठाकुर आदि नगर पालिका के अधिकारी ओर कर्मचारी मौजूद थे। शहर में लोकसभा की आचार संहिता हटने के बाद से ही शहर के विकास कार्य तेजी से किए जा रहे है। बारिश से पहले शहर के सीवन नदी के गहरीकरण के अलावा शहर के सौंदर्यीकरण के कारण चल रहे है। रविवार को नपाध्यक्ष राठौर ने शहर के विकास कार्यों का निरीक्षण कर बारिश से पहले सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही है।

### नाबालिग बालक बालिकाओं की बरामदगी

*बैतूल। गुम बालिकाओं की बरामदगी में अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बैतूल जिले के समस्त थाना प्रभारियों को नाबालिग बालक बालिकाओं की शत प्रतिशत बरामदगी के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिस हेतु सभी थानों से टीम गठित की गई हैं। जिसके पालन में थाना झल्लार द्वारा अपहर्ता को ग्राम कामीढा से दस्तयाब किया गया एक अन्य अपहर्ता को महाराष्ट्र परतवाड़ा से दस्तयाब किया गया है। दस्तयाबी के उपरांत दोनों अपहर्ताओं से पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने मजदूरी करने अपनी मर्जी से जाना बताया है।*

**खबर संक्षेप**

## आचार्य समय सागर को श्रीफल भेंट किया



**आष्टा।** रविवार 16 जून को आष्टा मुनि सेवा समिति द्वारा धार्मिक नगरी आष्टा में चातुर्मास के लिए आचार्य भगवंत समय सागर महाराज से कुंडलपुर पहुंच कर श्रीफल भेंट कर विनती की। मुनि सेवा समिति अध्यक्ष संदीप जैन नीलबड़ के नेतृत्व में दिगंबर जैन पंचायत समिति के सदस्य आयुष अमन जैन एडवोकेट, विकास जैन मंडी ,राहुल जैन अजमेरा ,अक्षय जैन आदिनाथ ,अरिहंत जैन, मुनि सेवा समिति के प्रवक्ता नितिन जैन साई कॉलोनी, पंकज जैन, मनीष जैन, विकास जैन, मोहित जैन, भारत जैन ,संदेश जैन, मयंक जैन, सौरभ जैन आदिनाथ, आयुष जैन , संदेश जैन किला सहित गौरव जैन आदि ने कुंडलपुर पहुंच कर आचार्य भगवंत समय सागर महाराज से आष्टा चातुर्मास हेतु विनती की। आचार्य भगवंत ने मुस्कुराते हुए आशीर्वाद प्रतिनिधि मंडल को दिया।

## ओवरलोड वाहनों से यातायात प्रभावित

**सीहोर।** इन दिनों ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहनों से ओवर लोड भरकर लोहा, सरिया, पाइप ले जाए जा रहे हैं। जो वाहन से दस फीट तक बाहर लटकते हैं। उक्त वाहन से बाहर लटकते सरिए, पाइप आदि में कोई संकेत नहीं लगा रहता है। जिसके कारण पीछे आ रहे वाहन को नहीं दिख पाता है। खासकर रात के समय पीछे से वाहन टकरा जाता है। जिससे दुर्घटना होती रहती हैं। वाहन के क्षमता से अधिक सामग्री ढोई जा रही है। वो भी अस्त व्यस्त तरीके से वाहन से कभी कभी सही नही बांधने के कारण पाइप नीचे गिर जाते हैं। हालांकि कोई दुर्घटना नहीं घटी फिर भी ऐसे वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### नए वाहनों की विधायक और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की पूजा-अर्चना

# नपा स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को पूरा किया जाएगा: विधायक

**नगरपालिका द्वारा क्रय किए गए वेक्यूप मशीन सहित दो अत्याधुनिक ट्रैक्टरों का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किसी मनुष्य द्वारा त्याग किए गए मलमूत्र की साफ-सफाई के लिए व्यक्ति विशेष को नियुक्त करने की व्यवस्था सर्वथा अमानवीय है। और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए। यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है, जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। इस आशय के विचार नगरपालिका द्वारा क्रय किए गए वेक्यूप मशीन सहित दो अत्याधुनिक ट्रेक्टरों का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने व्यक्त किए।

विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार बनते ही संपूर्ण भारत भर में 2 अक्टूबर 2014 से अभी तक स्वच्छ भारत अभियान की पहल की है। सरकार चाहती है कि इसमें सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा से शामिल हों, लेकिन इससे ज्यादा जरूरी है, मैला ढोने की सदियों पुरानी अमानवीय और अपमानजनक प्रथा को खत्म करना। इसी के चलते हमारा प्रयास है कि नगरपालिका स्तर पर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हर जरूरत को मुहैया कराया जाना। विशेष अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को केवल सफाई के मुद्दों से जोड़ने की जगह मानव की गरिमा पर केंद्रित किया जाना चाहिए। नगरपालिका द्वारा एक्युपमेंट जिसके माध्यम से शौचालयों से मल निकालने का कार्य किया जाता है, से वर्षो से वंचित थी।

परिषद के प्रयास से एक नही दो-दो एक्युपमेंट मशीन टेंकर और ट्रेक्टर सहित नगर के नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से क्रय की गई है। कार्य की अत्याधिकता होने के कारण नगरपालिका को किराये से ट्रेक्टर लेना पड़ते थे, अब निकाय के पास दो नवीन ट्रेक्टर उपलब्ध होने से अब किराये से ट्रेक्टर नही लेना पड़ेगा। ट्रेक्टर के शुभारंभ के पश्चात् कन्नौद रोड़ स्थित पार्क पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दर्जनों पौधों का रोपण किया गया। वहीं पार्क में मनोरंजन कर रहे नन्नें बच्चों के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा बल्ले और गेंद के साथ दो-दो हाथ भी किए। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ एवं उपयंत्री प्रमोदकुमार साहू, पार्षद डॉ. सलीम, तेजसिंह राठौर, कमलेश जैन, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, कालू भट्ट, तारा कटारिया, रवि शर्मा, कृपालसिंह पटाड़ा, कमल ताम्रकार, महेन्द्रसिंह ठाकुर, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, रमेश यादव, विनोद सांगते, आशीष बैरागी, मनीष किल्लौदिया, विनोद रतिराम, लखन डूमाने, राकेश प्रजापति, गबू प्रजापति, कैलाश माली, शिव बागवान सहित अन्य नागरिकगण, नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

# श्यामपुर पुलिस ने कांबिंग गश्त के दौरान की कार्रवाई

**पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार**



**श्यामपुर।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्मयापुर पुलिस द्वारा एक सप्ताह मे की दो बार कोंबिग गश्त कर कुल 11 वारंटीगणो को गिरफ्तार किया गया। विशेष पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में, पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा कोंबिग गश्त कर कई वर्षो से विभिन्न धाराओं के अपराधों मे फरार 2 स्थाई एवं 3 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

15 और 16 जून की रात्रि मे थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा के निर्देशानुसार टीम बनाकर कोंबिंग गस्त की गई। दौराने कोंबिंग गस्त थाना श्यामपुर क्षेत्र के (01) माननीय द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधिस कुटुम्ब न्यायालय भोपाल के एम.जे.सी.आर नंबर 34/23 धारा 125(3) द.प्र.सं. में फरारी गिरफ्तारी वारंटी हनीफ खाँ पिता अनीस खाँ आयु 35 साल निवासी ग्राम मुख्त्यारनगर थाना श्यामपुर (02) एम.जे.सी.आर नंबर 124/23 धारा 125 द.प्र.सं. में गिरफ्तारी वारंटी अनवर अली पिता मेहरबान अली आयु 32 साल निवासी कोली मोहल्ला श्यामपुर 3. जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के आरटी नंबर 46/15 धारा 138 एन.आई.एक्ट में स्थाई वारंटी मथराप्रसाद पिता रामचरण मीणा आयु 35 साल निवासी ग्राम घाटपलासी थाना श्यामपुर, (4) जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 204/17 धारा 138 एन.आई.एक्ट में स्थाई वारंटी अनीस अहमद पिता पीर अहमद आयु 39 साल निवासी छापरी थाना दोराहा 5. जे.एम.एफ.सी न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 593/22 धारा 138 एन.आई .एक्ट में वारंटी मोहन पता दरियाव सिंह बंजारा आयु 25 साल निवासी ग्राम रायपुर थाना श्यामपुर को गिरफ्तार किया गया है जिन्हे माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उपनिरीक्षक रामबाबू राठोर,उनि. राकेश शर्मा, उनि अवनीष मौर्य, प्रआर 54 महेश कुमार, प्र.आरक्षक 474 प्रेमसिंह यादव, आरक्षक 753 पवन राजपूत,आरक्षक 463 अमित नागर, आरक्षक 771 महेश मीणा,आर 284 राजेश राजपूत, आर. 866 लोकेन्द्र दांगी, आरक्षक 670 हिम्मत सिंह, सैनिक 321 उमेश गुदैन,सै 276 महिपाल सिंह, सैनिक 369 सीताराम वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

## माता मंदिर पर कन्या भोज का हुआ आयोजन

**जावर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गंगा दसमी पर्व पर नगर के प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में शनिवार सुबह कन्या भोज का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया। शनिवार की सुबह मां महिषासुर मर्दिनी माता का विशेष अभिषेक व श्रृंगार कर आरती की गई, इसके बाद कन्या भोज प्रारंभ किया गया जिसमें नगर के अन्नपूर्णा नगर, अम्बिका नगर,नाईपुरा, मालीपुरा,मोगियापुरा, हास्पिटल चौराहा, आनन्दनगर, खत्री मोहल्ला, पटेल पुरा,पिपली बाजार,गंजपुरा, भावसार मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, महावीर मार्ग आदि स्थानों से अधिक संख्या में छोटी-छोटी बालिकाओं ने कन्या भोज कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।



# नगर परिषद ने नेवज नदी के पिचिंग निर्माण में घटिया कार्यों का ही कर दिया लाखों रुपए का भुगतान: पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर परिषद जावर इन दिनों भ्रष्टाचार के मामले को लेकर चर्चाओं में बनी हुई है भ्रष्टाचार के इस मामले में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा वर्तमान परिषद एवं अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे की अमृत योजना-2 के अंतर्गत जावर नगर की नेवज नदी के दोनों तरफ पत्थर पिचिंग कार्य चल रहा है जो की बहुत ही घटिया निर्माण कार्य हो रहा है पूर्व में बरसात आई थी और कई जगह से पत्थर खिसककर नदी में आ गिरे थे।

अब बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है अब जब नदी में पानी पूर्ण वेग के साथ आएगा और तेज बरसात होगी तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह सभी नगरवासी जानते हैं अब इस मामले में एक और नया मोड़ सामने आ चुका है उक्त घटिया कार्यों में ही परिषद एवं अधिकारियों की मिली भगत से लाखों रुपए का भुगतान भी ठेकेदार को कर दिया गया पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि जब कार्य पूर्ण ही नहीं हुआ और जो कार्य हुआ वह घटिया एवं गुणवत्ताहीन है तो फिर भुगतान कैसे संभव है लेकिन फिर भी अधिकारियों एवं परिषद की मिली भगत से लाखों



रुपए की राशि भुगतान कर यह भ्रष्टाचार किया गया है वैद्य ने पूर्व में इसकी शिकायत लोकायुक्त में एवं नगरी निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों को भी की है उक्त मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन में किया लोगों ने पौधरोपण, चलाया सफाई अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन दिवस पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लोरास कलां द्वारा कुएं की साफ सफाई की गई। इसी के साथ ही देवस्थान के पास पर्यावरण को हरा-भरा करने पौधे लगाए। पौधरोपण कर जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ आदि अवसरों पर नियमित रूप से पौधरोपण करने व पौधों की देखभाल करने की शपथ ली। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी महेश चंदेल एवं सेक्टर सह प्रभारी परामर्श दाता देवकरण प्रजापति, मोहन मेवाड़ा एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मार्टिनेट विद्यालय ने कार्यक्रम कर प्रतिभाओं का किया सम्मान

# बच्चों को निखारने का कार्य कर रहा विद्यालय: विधायक





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय मार्टिनेट कान्वेन्ट उमावि आष्टा ने जिला मेरिट मे आये विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विद्यायक गोपालसिंह इंजीनियर, एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, संस्था संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी, पत्रकार बन्धु, सरपंच द्वारा कक्षा 12वीं की जिला मेरिट मे द्वितीय स्थान तस्मियॉ सिद्धीकी व कक्षा 10वीं के आयुष जाटव को कम्प्यूटर प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रांजल गुठानिया द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत द्वारा प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात संस्था के प्रबंधक विनीत त्रिवेदी द्वारा संस्था संचालक नोशे खान एवं सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रबंधक विनीत त्रिवेदी द्वारा 1998 से 2024 तक विद्यालय द्वारा किया गया संघर्ष व विद्यार्थियों द्वारा जिला मेरिट मे आये स्थान का सिलसिले वार ब्योरा देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अतुल शर्मा ने बताया कि आज हमे वह विद्यालय के दिन याद आ गये। इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि अलीपुर क्षेत्र मे मेरा भी स्कूल था पर मार्टिनेट विद्यालय ने लगातार संघर्ष करते हुए इस उंचाई पर पहुंचा है। मै विद्यालय की इस सफलता पर मार्टिनेट परिवार को बधाई देता हूॅ।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि गोपालसिंह इंजीनियर ने संघर्ष की कहानी बताते हुए बताया कि मार्टिनेट विद्यालय ने कक्षा 12वीं मे कुल 33 विद्यार्थी परीक्षा मे बैठे व मप्रशासन की योजना मे लगभग 15 विद्यार्थी शामिल हो रहे है यह विद्यालय की लगातार निष्ठा बताती है कि मार्टिनेट विद्यालय बच्चों को निखारने का किस ढंग से कार्य कर रहा है विद्यालय की इस सफलता पर मैं संस्था के संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी व उन शिक्षकों के योगदान को तहेदिल से मानता हूॅ, तथा बोले जब भी विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मैं तत्पर खड़ा रहूंगा । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये अन्य विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा संस्था मेरिट में आने वाले सभी शिक्षको अतुल सुराणा, सुल्ताना अली, अशोक महेश्वरी, संदीप यादव, शिखा तिवारी, शालिनी शर्मा, निखिल खत्री, जी.डी. बैरागी का माननीय विधायक द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किरण रांका, धनंजय जाट, कमल पांचाल, गणेश दुबे, नवीन शर्मा, राजेन्द्र सिंह मेवाड़ा सरपंच, सादिक भाई सरपंच ग्राम बरखेड़ा, दीपक सरपंच ग्राम पगरियाराम, राहुल ठाकुर सरपंच ग्राम चाचरसी मालीपुरा अन्यअतिथि कन्हैयालाल गेहलोत जनशिक्षक ज्ञानसिंह मेवाड़ा और प्रायवेट कोचिंग संचालक जगदीश मेवाड़ा, प्रायवेट स्कूल संचालक भोलूसिंह ठाकुर, रामशंकर झा, सुनील शर्मा, मनीष सोनी, बीएल मालवीय, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रामजी यादव, ज्ञानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर व अधिक संख्या पालक, अभिभावक उपस्थित थे।


# अन्नपूर्णा विरक्त आश्रम में हुआ धूनी पूर्णाहुति कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पार्वती तट स्थित अन्नपूर्णा विरक्त आश्रम में गंगा दशहरे के पावन अवसर कन्या भोज और धूनी पूर्णाहुति कार्यक्रम हुआ।

आश्रम महंत 1008 महंत दीपक दास त्यागी और उनके कृपापात्र शिष्य राम भूषण दास त्यागी धूनी तपस्या कर रहे थे। विदित रहे कि धूनी में प्रतिदिन डेढ़ घंटे तक गोमाता के कंडो बीच में बैठकर तपस्या करते हैं। इस भीषण गर्मी में भी साधना निरंतर जारी रही। 4 महीने अधिक समय चलने वाली धूनी तपस्या बसंत पंचमी से आरंभ होकर गंगा दशहरे पर पूर्णाहूति होती हैं।



# ईद-उल-अजहा : मस्जिदों में अदा की नमाज अमन और भाईचारे की मांगी गई दुआएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को देशभर में ईद उल-अजहा का त्योहार मनाया गया। बुरहानपुर में मस्जिदों के अलावा 3 ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश-दुनिया में अमन के लिए दुआ की गई। इसके साथ ही फिलिस्तीन और गाजा में शांति के लिए दुआ की गई। ईदगाह और मस्जिदों में इमामों ने खुतबा (उपदेश) दिए। इस त्योहार को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक जिलहिज्जा महीने में चांद दिखने पर दूसरे दिन ईद उल-अजहा (बकरीद) मनाई जाती है। नमाज के बाद घरों में जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। अकीदत का यह त्यौहार 3 दिन तक चलता रहेगा।

### इंदौर-इच्छापुर हाईवे और अंकलेश्वर हाईवे पर कुछ देर यातायात बंद रहा

ईद पर्व पर सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा होने से पहले इंदौर-इच्छापुर हाईवे, अंकलेश्वर हाईवे पर यातायात को बंद किया गया। नमाज के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई। शहर में सिंधीबस्ती ईदगाह पर सबसे ज्यादा लोग नमाज अदा करने पहुंचे।

इस दौरान सिंधीबस्ती चौराहे और शनवारा चौराहे पर नमाजियों के आने के चलते रास्ते को कुछ देर बंद किया गया।। हालाकि नमाजियों के ईदगाह पर पहुंचने के बाद हाईवे पर आवागमन शुरू हुआ, लेकिन अंकलेश्वर हाईवे से इंदौर जाने वाले ट्रैफिक को बंद किया गया। वहीं लालबाग रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते को डायवर्ट किया गया।

## सैकड़ाखेड़ा स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# जिस स्थान पर सत्संग का आयोजन किया जाता है वह स्थान पवित्र हो जाता : पं.सुनील पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विठलेश सेवा समिति, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और जिला संस्कार मंच के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय सत्संग, भजन कीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन निरंतर किया जाएगा। पांच दिवसीय महोत्सव की शुरूआत केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में समिति की ओर से पंडित मनोज दीक्षित मामा, पंडित सुनील पाराशर और उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी आदि के द्वारा की गई। शनिवार को पहले दिन सत्संग में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ शुरूआत की और उसके पश्चात यहां पर मौजूद बुजुर्गों और हितग्राहियों के द्वारा भगवान शिव और हनुमान आदि भजन-कीर्तन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। रविवार को गंगा दशहरा पर दोपहर में सत्संग और प्रवचन के साथ प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर शनिवार को सत्संग के दौरान पंडित श्री पाराशर ने कहा कि जिस स्थान पर सत्संग का आयोजन किया जाता है वह स्थान पवित्र हो जाता है। जो भक्त सत्संग में भाग लेते हैं वह भवसागर को पार कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव रूपी शरीर दिया है। यह मानव शरीर पूर्व जन्मों की कठिन तपस्या से प्राप्त होता है। ऐसे में मानव को अपना जीवन व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। अपने दैनिक कार्यों में लीन रहते हुए समय निकालकर भगवत भजन में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति व आत्मीय सुख प्राप्त हो सके। सत्संग द्वारा संतों की शरण में आकर मनुष्य को ईश्वर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त होता है।

### आधार कार्ड 30 तक किए जा सकेंगे अपडेट

**सीहोर।** 10 वर्ष या इसके पहले का आधार बनवाया है और परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो तो ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है। इसका लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केंद्र पर जा सकते हैं। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण दस्तावेजों को अपडेट करने की अनुमति देती है। आधार सेंटर पर जाकर डॉक्यूमेंट अपडेट करने पर 50 रुपए शुल्क देना होगा। यह सुविधा 30 जून तक पर निशुल्क उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### छात्रावास में प्रवेश लेने फार्म जमा की अंतिम तिथि 30 जून

**सीहोर।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास, आश्रमों का एमपी टॉस मॉडयूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2024-2025 में जो छात्र/छात्राऐं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाईल पंजीयन आवश्य कराये। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाईल पंजीयन अनिवार्य है। बिना प्रोफाईज पंजीयन के छात्र/छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 निर्धारित की गई है। जिला संयोजक ने जानकारी दी कि वेबसाईट पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाईल पंजीकरण किया जा सकता है।

### पुराने हाइवे पर झूल रहे बिजली के तार

**सीहोर।** पुराने भोपाल-इंदौर हाइवे के ऊपर से कई जगह बिजली के तार झूल रहे हैं। हालत यह है कि यदि कोई बड़ी ट्रॉली या लोडिंग वाहन यहां से गुजरे तो इन तारों से टकराने का खतरा बना रहता है। यदि कभी वाहनों के टकराने से यह तार टूट जाते हैं तो बड़ा हादसा हो सकता है। इंदौर नाका से चौपाल सागर के बीच कई जगह बिजली के तार एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाए गए हैं। यह मार्ग भी फोरलेन में तब्दील हो चुका है। यहां पर कई जगह बिजली के तारों को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाया गया है।

## नव विवाहिताओं को राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने दिया दूधो नहाओ, पूतो फलो का आशीर्वाद

# गंगा-जमुनी तहजीब का साक्षी बना नगर का मंडी प्रांगण, 452 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### वैदिक मंत्रौचार के बीच 416 हिन्दू जोड़े परिणय बंधन में बंधे, 36 मुस्लिम जोड़ों को कांजी ने कराया निकाह कुबूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

रविवार को नगर के मंडी प्रांगण में मौजूद हजारों लोग गंगा - जमुनी तहजीब के साक्षी बने, जिसमें एक ओर जहां 416 हिन्दू जोड़े वैदिक मंत्रौचार के बीच परिणय बंधन में बंध रहे थे, वहीं दूसरी ओर 36 मुस्लिम जोड़े अपनी परंपराओं के अनुसार निकाह कुबूल कर रहे थे। मौका था मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह -निकाह कार्यक्रम का। जिसमें 452 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने दामपंत्य जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नव दंमपत्तियों को उनके सफल और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाएं करते हुए आशीर्वाद दिया।

### रविवार को नगर के मंडी प्रागंण में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह

निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 452 जोड़ों का विवाह व निकाह कराया गया।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वर और वधू पक्ष के लोगों का सुबह से ही विवाह स्थल पर आना शुरू हो गया था। विवाह के लिएं इछावर तहसील क्षेत्र सहित आसपास तहसील व जिलें से करीब 603 जोड़ों ने आवेदन जमा कराएं थे। लेकिन इनमें से करीब 150 आवेदन विभिन्न कमियों के चलते रिजक्ट हो गएं थे। जिसकी सूचना प्रशासन द्वारा संबधित आवेदकों को फोन कर दें दी गई थी। ऐसे में 4-5 जोड़ों को छोड़कर बाकि जोड़े सम्मेलन में शामिल नहीं हुए।



**इछावर।** नव विवाहित जोड़ों को पुष्प गुछ भेंट कर बधाई देते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा




**इछावर।** सामूहिक सम्मेलन में उपस्थित राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्तित रहे।



**मंत्री ने नवविवाहिताओं को दिया दूधो नहाओ, पूतो फलो का आशीर्वाद :** सामूहिक विवाह -निकाह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने नव विवाहिताओं को उनके दामपंत्य जीवन की सफलता और खुशहाली की मंगल कामनाएं करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की कोई बेटी - बेटा धन के अभाव में विवाह से वंचित नहीं रहेगा। विवाह से लेकर शिक्षा , स्वास्थ्य , अनाज , मकान आदि सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदेश के मुख्यमंत्री डांक्टर मोहन यादव और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने आगे कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति का विकास चाहती है। ऐसे में हमारी भी जिम्मैदारी बनती है कि हम ऐसी सरकार चुने जो हमारी सेवा करती हों। श्री वर्मा ने कहा कि मोहन यादव सरकार में मुख्यमंत्री ने मुझे जैसे ही रेवेन्यू विभाग की जिम्मैदारी सौंपी वैसे ही हमने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्सा दुरूष्तीकरण आदि के करीब 30 लाख पेंडिंग प्रकरण निपटायें । यह सभी कार्य अब निशुल्क होंगें आप अपने कार्य मुझे बताईऐं इनकों करना अब मेरी जिम्मैदारी है।

### कार्यक्रम में यह हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, मंडल अध्यक्ष पप्पू नागर , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा , जपपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश वर्मा , नपं अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा , जपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल ,कलेक्टर प्रवीणसिंह , जिला पंचायत सीईओ आशीस तिवारी , एसडीएम जमील खान , जपं सीईओ शिवानी मिश्रा , थाना प्रभारी कमलेश चौहान , रेंजर नवनीत झा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### 49 हजार रुपए का चेक दिया

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, कलेक्टर प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम जमील खान, जनपद पंचयात सीईओ शिवानी मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मेवाड़ा, कैलाश सुराना, शंकर पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 49 हजार रूपए राशि के चेक प्रदान किए।

# जिला अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी का ठेका निरस्त:सुरक्षा गार्डों को समय पर वेतन नहीं, जांच में पीएफ राशि में भी गड़बड़ी मिली

**सीहोर।** जिला अस्पताल में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने वाली सिक्योरिटी एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया गया है। एजेंसी की लगातार शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों को मिल रही थी। इसके बाद टीम बनाकर जांच कराई गई और जिसमें पाया गया कि एजेंसी द्वारा सुरक्षा गार्डों की वेतन को लेकर काफी लापरवाही बरती जा रही थी। बताया जा रहा है कि एजेंसी का ठेका निरस्त कर अब नए सिरे से आगामी दिनों में प्रक्रिया की जाएगी। गौरतलब है कि जिला अस्पताल सहित जिले के अन्य शासकीय अस्पतालों नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी का सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का ठेका था। लेकिन बीते कुछ महीनों से एजेंसी प्रबंधन को लेकर लगातार शिकायत सामने आ रही थी।




जिसमें जिला अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने सीएमएचओ और कलेक्टर को शिकायत कर बताया था कि नेशनल सिक्योरिटी सुरक्षा एजेंसी द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, पीएफ राशि उनके अकाउंट से काटी जाती है लेकिन बैंक में इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है और कलेक्टर रेट से कम वेतन का भुगतान किया जा रहा है। शिकायत पर जांच टीम गठित की गई थी जिसमें जांच में एजेंसी प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई, कई वेतन विसंगतियां सामने आई।

**गार्ड बढ़ाने की मांग :** जिला अस्पताल सीहोर के सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में 22 सुरक्षा गार्ड हैं जबकि यहां ज्यादा गार्डों की आवश्यकता है। अस्पताल में कई सारे विभाग हैं और बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आते हैं अभी नवीन अस्पताल भवन का निर्माण कार्य भी चल रहा है। मटेरियल भी पड़ा है, मंहगी मशीनें और अन्य उपकरणों की सुरक्षा महत्वपूर्ण हैं। इसलिए हमने संभागीय कार्यालय में पत्र लिखकर गार्ड बढ़ाने की मांग की है। यहां पर 44 गार्ड मांगे गए हैं। गार्डों को समय पर वेतन भुगतान न करने पर एजेंसी का ठेका निरस्त कर दिया गया है।

### एटीएम में रुपये जमा करने के बहाने एटीएम बदला, 25000 चुराये, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए 2 आरोपी

**सीहोर।** पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम मशीन से खाते में रुपये जमा कराने गये युवक प्रमोद कुमार आत्मज केदारी, निवासी सेकड़ाखेडी सीहोर से जब रुपये जमा नहीं हो सके। तब एटीएम में आये दो युवकों ने कहा कि लाओ हम रुपये जमा कर देते हैं। उन्होने पिन मांगकर रुपये जमा भी कर दिये और स्लिप भी मिल गई। लेकिन इसी दौरान उन्होने एटीएम बदल दिया और रात में प्रमोद के बचत खाते से 25,000 रुपये चोरी हो गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, 14 जून 2024 को शाम 7:15 बजे, वे बस स्टैंड पर स्थित पीएनबी एटीएम मशीन से पैसे जमा करने गए थे। जब उन्होंने पैसे जमा करने की कोशिश की, तो कुछ लडक़ों ने उनकी मदद की। उनमें से एक ने उनका एटीएम कार्ड लिया और पैसे जमा कर दिए। इस दौरान, उन्होंने उनका पिन नंबर भी देख लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पैसे जमा होने के बाद, उन लडक़ों ने उन्हें उनका एटीएम कार्ड वापस दे दिया और अपना कार्ड लेकर चले गए। कुछ देर बाद, उन्हें अपने फोन पर मैसेज मिले कि उनके खाते से तीन बार पैसे निकाले गए हैं - दो बार 10,000 रुपये और एक बार 5,000 रुपये। इस मामले की आज कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर एटीएम मशीन में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करवाई गई। फुटेज में आरोपी अस्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। अभी बैंक वालों ने बाहर लगे सीसीटीवी का फुटेज नहीं दिया है। हो सकता है कि बाहर के कैमरों में आरोपी 2 युवक स्पष्ट नजर आ सकें। पुलिस ने आवेदन लिया है, जांच जारी है।

# पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना थाना कोतवाली पहुंचे, निरीक्षण किया

### रात भर चला नाइट कॉबिंग ऑपरेशन, 47 गिरफ्तारी, 65 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने एक बार फिर नाइट कॉबिंग ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें 47 गिरफ्तारी, 65 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। जिनमें 3 इनामी बदमाश, 4 अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 14 जिला बदर अपराधियों को चेक किया गया।



जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में जिले में वारंटियों तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाइट कॉम्बिग ऑपरेशन चलाया गया। कॉम्बिग ऑपरेशन के दौरान पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना द्वारा रात्रि में थाना कोतवाली पहुंचकर निरीक्षण किया एवं नए कानून के संबध में चर्चा की। इस अवसर पर अभय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक देहात भोपाल जोन, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग उपस्थित रहे।

बताया गया है कि इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन में जिले में नाइट कॉबिंग ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें जिले में अनुभाग के सभी अनुभाग प्रभारी ने अपने-अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में उपस्थित रहकर कॉम्बिग नाइट ऑपरेशन चलवाया गया। जिसमें सभी थानों के थाना प्रभारीगण के अतिरिक्त जिले के थानों में पदस्थ 223 अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें 47 गिरफ्तारी वारंटी, 65 स्थाई वारंटी, 3 इनामी बदमाश तथा 4 अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। 14 जिला बदर अपराधियों को भी चेक किया गया। थाना कोतवाली सीहोर ने 5 गिरफ्तारी वारंटी, 12 स्थाई वारंटी, थाना मण्डी ने 1 गिरफ्तारी, 2 स्थाई वारंटी, 2 इनामी बदमाश, दोराहा ने 1 गिरफ्तारी वारंटी, 2 स्थाई वारंटी, थाना अहमदपुर ने 3 स्थाई वारंटी, थाना श्यामपुर 3 गिरफ्तारी, 2 स्थाई वारंटी, थाना बिलकिसगंज ने 1 गिरफ्तारी, 5 स्थाई वारंटी, थाना इछावर 3 गिरफ्तारी, 9 स्थाई वारंटी तथा 01 अन्य अपराध में फरार, थाना आष्टा ने 10 गिरफतारी, 2 स्थाई वारंटी तथा 3 अन्य अपराधों में फरार अपराधी, थाना जावर ने 4 गिरफ्तारी, 1 स्थाई वारंटी, थाना सिद्धिकगंज ने 2 गिरफ्तारी, 3 स्थाई वारंटी, थाना पार्वती ने 2 गिरफ्तारी वारंटी, थाना रेहटी ने 6 गिरफ्तारी, 4 स्थाई वारंटी, थाना बुदनी ने 1 गिरफ्तारी 5 स्थाई वारंटी, थाना शाहगंज ने 5 गिरफ्तारी वारंटी, थाना भैरूंदा ने 2 गिरफ्तारी , 12 स्थाई वारंटी तथा 1 इनामी बदमाश, थाना गोपालपुर ने 1 गिरफ्तारी, 3 स्थाई वारंटी को पकड़ा।